No. of Printed Pages : 7

**9255**

*Register Number* | | | | | | | |

# Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 100

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न–पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

## भाग - I

**(15 Marks)**

**सही** उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose the **correct** answer from the options given.

**1.** कबीरदास __________ कवि थे।

(अ) आदर्शवादी (आ) छायावादी (इ) रहस्यवादी (ई) प्रकृतिवादी

**2.** ''प्रियप्रवास'' महाकाव्य के रचयिता __________ हैं।

(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय (आ) मैथिलीशरण गुप्त

(इ) सुभद्रा कुमारी चौहान (ई) महादेवी वर्मा

**3.** मैथिलीशरण गुप्त का जन्म सन् __________ में हुआ था।

(अ) 1786 (आ) 1886 (इ) 1986 (ई) 1686

**4.** माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म __________ नामक गाँव में हुआ था।

(अ) चिरगाँव (आ) रीवा (इ) बावई (ई) मीरापुर

5. __________ दिल से होती है, माल से नहीं।

(अ) चाकरी (आ) अमीरी (इ) लोभ (ई) गरीबी

6. आत्मनिर्भरता ऐसा श्रेष्ठ __________ है।

(अ) अवगुण (आ) गुण (इ) निर्गुण (ई) सतगुण

7. दीनानाथ मोहन का एक __________ है।

(अ) पिता (आ) पड़ोसी (इ) भाई (ई) मित्र

8. __________ वह चीज है, जो हमारे पास है।

(अ) संस्कृति (आ) धन (इ) बुद्धि (ई) सभ्यता

9. संज्ञा के __________ भेद हैं।

(अ) चार (आ) छः (इ) पाँच (ई) सात

10. ''जो-सो'' __________ सर्वनाम का उदाहरण है।

(अ) संबधवाचक (आ) प्रश्नवाचक (इ) निजवाचक (ई) पुरुषवाचक

11. क्रिया की विशेषता बतानेवाले शब्दों को __________ कहते हैं।

(अ) सर्वनाम (आ) क्रिया-विशेषण (इ) संज्ञा (ई) विशेषण

12. खान की उम्र __________ वर्ष की है।

(अ) 45 (आ) 35 (इ) 25 (ई) 55

13. मिठाईवाला बच्चों को __________ बहलाता है।

(अ) रोकर (आ) गाकर (इ) हँसकर (ई) बहलाकर

14. अस्पताल गाँव से __________ मील दूरी पर था।

(अ) बीस (आ) तीस (इ) चालीस (ई) दस

15. घनश्याम की बहन __________ थी।

(अ) कौशल्या (आ) सुशीला (इ) शकुंतला (ई) सरस्वती

**भाग - II**

**(18 Marks)**

**अनुभाग - 1**

**किन्हीं चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **4x2=8**

Answer **any four** questions briefly.

**16.** कबीरदास ने प्रेम के महत्व को कैसे बताया?

**17.** रसखान के कृष्ण भक्ति पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

**18.** पाँचजन्य कविता की रचना किसने की?

**19.** लोभ से लाभ नहीं, लेखक के शब्दों में समझाइए।

**20.** आत्मनिर्भरता क्या है?

**21.** संस्कृति का प्रभाव किन-किन बातों पर पड़ता है?

**अनुभाग - 2**

**किन्हीं पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **5x2=10**

Answer **any five** questions briefly.

**22.** द्रव्यवाचक संज्ञा को सोदाहरण समझाओ।

**23.** निजावाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?

**24.** क्रिया की परिभाषा दीजिए।

**25.** प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं?

**26.** परिणामवाचक विशेषण किसे कहते हैं?

**27.** वाच्य किसे कहते हैं?

**28.** ''कौन'' और ''क्या'' संबंध वाचक सर्वनाम है या प्रश्नवाचक सर्वनाम?

## भाग - III
**(18 Marks)**
### अनुभाग - 1

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x3=6**
Answer **any two** questions.

**29.** माखनलाल चतुर्वेदी व्यक्तित्व किस वस्तु को कहते हैं?

**30.** (I) सही या गलत बताइये :
(अ) अच्छी आदतों से व्यक्ति बनता है।
(आ) अपनी सहायता अपने आप करने का भाव हमारे बीच है ही नहीं।
(इ) विनोबा जी के विचार, वाणी और आचार की एकरूपता संत प्रमाणित करती है।

**अथवा**

(II) खाली स्थान भरिए :
(अ) किसी न किसी वस्तु की सदैव __________ बनी रहती है।
(आ) संस्कृति __________ से बढ़ती है।
(इ) __________ के लोग अपने भरोसे पर रहना ही भूल गये हैं।

**31.** मोहन के ऐसे-ऐसे करने का नतीजा क्या होता है?

### अनुभाग - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। **2x3=6**
Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

**32.** दिए गए शब्दों के शब्द-युग्म लिखिए :
(अ) आहार
(आ) कर
(इ) चीता

**33.** शुद्ध कीजिए :
(अ) कृपया करके मेरी बात सुन लो।
(आ) वह लोग आ गए है।
(इ) बच्चे स्कूल जाना चाहिए।

**34.** (I) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(अ) जो दूर की बातें सोचता हो।

(आ) जिसने शिक्षा पायी हो।

(इ) जो आकाश में चलता हो।

**अथवा**

(II) वाच्य बदलिए :

(अ) कहारों ने डोली उठाई।

(आ) तुम पाठ सिखाओगे।

(इ) नौकर से दरवाजा खोला जाएगा।

## अनुभाग - 3

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x3=6**

Answer **any two** questions :

**35.** बच्चों को कौन सुरक्षित घर ले आया ?

**36.** ''बाप का हृदय'' कहानी के प्रमुख पात्र कौन हैं ?

**37.** सत्याग्रह के कारण कोटय्या की दशा क्या हुई ?

## भाग - IV
**(25 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5x5=25**

Answer **all** the questions.

**38.** कंठस्थ भाग : (Memoriter Part)

(अ) जाको ------------।

-------------- होय॥

**अथवा**

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही।
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही॥
मानते जी की हैं सुनते हैं सदा सबकी कहीं।
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही॥

**39.** पत्र लेखन : (**कोइ एक** पत्र लिखिए)

(अ) किताबघर नई दिल्ली की ओर से लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद को गलत माल बेचने की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

(आ) देना बैंक, टी. नगर शाखा में बचत शाखा खोलने के लिए शाखा प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए।

**40.** अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

Translate the following into English :

(अ) दुनिया की चीजों के पीछे दौड़ने से मन की शांति जाती रहती है।

(आ) शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी पर किसी भी प्रकार का बोझ या दबाव नहीं होना चाहिए।

(इ) समुद्र की सतह से करीब 2000 फुट ऊँचा होने के कारण मैसूर की आवहवा नीरोग और आनंद प्रद है।

(ई) पहाड़ बादलों को रोककर पानी बरसाते हैं।

(उ) जिसका मन सत्य का मंदिर है, उसका आचरण भी पवित्र होता है।

**41.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Read the following passage and answer the questions given below.

एक बार भगवान बुद्ध का प्रचारक घूम रहा था। उसे एक भिखारी मिला और वह प्रचारक उसे धर्म का उपदेश देने लगा। भिखारी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उपदेश में उसका मन नहीं लग रहा था। प्रचारक को बहुत क्रोध आया और उसने बुद्ध के पास जाकर कहा, ''वहाँ एक भिखारी बैठा है वह मेरे उपदेश नहीं सुनता है।'' बुद्ध ने कहा ''उसे मेरे पास लाओ प्रचारक उसे बुद्ध के पास ले गया, बुद्ध ने समझ लिया कि वह तीन चार दिनों से भूखा है। उन्होंने उसे भरपेट भोजन खिलाया और वापस भेज दिया। बुद्ध ने कहा आज उसके लिए अन्न ही उपदेश था और उसे भोजन की ही सबसे अधिक आवश्यकता थी। यदि मनुष्य के पेट में भूख की ज्वाला भड़क रही हो तो उसे उपदेश देने से कोई लाभ नहीं होगा।''

**प्रश्न :**

(अ) प्रचारक क्यों नाराज हुआ ?

(आ) भिखारी ने क्यों नहीं सुना ?

(इ) भिखारी को देखकर बुद्ध ने क्या दिया ?

(ई) बुद्ध ने भिखारी के बारे में क्या कहा ?

(उ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**42.** (I) मिलान कीजिए :

Match the following :

| | | |
|---|---|---|
| (a) मातृ भूमि | – | रहीम |
| (b) बरवै छंद | – | विष्णु प्रभाकर |
| (c) बदला | – | संत विनोबा |
| (d) ऐसे-ऐसे (एकांकी) | – | मैथिलीशरण गुप्त |
| (e) जीवन और शिक्षण | – | आरिगपुडी |
| | – | माखनलाल चतुर्वेदी |

**अथवा**

(II) मिलान कीजिए :

Match the following :

| | | |
|---|---|---|
| (a) धीरे-धीरे | – | पाँच भेद |
| (b) सर्वनाम | – | रीतिवाचक |
| (c) भाववाचक संज्ञा | – | यह मेरा घर है। |
| (d) पं. भगवती प्रसाद वाजपेयी | – | छ: भेद |
| (e) सरल वाक्य | – | मिठाईवाला |
| | – | मिठास |

## भाग - V
## (24 Marks)

**सभी** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए। **3x8=24**

Answer **all** the questions.

**43.** (अ) ''मोम दीप मेरा'' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''कलम और तलवार'' कविता का सारांश लिखिए।

**44.** (अ) ''आत्मनिर्भरता'' पाठ का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''ऐसे-ऐसे'' (एकांकी) का सारांश लिखिए।

**45.** (अ) ''मिठाईवाला'' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''बदला'' कहानी का सारांश लिखिए।

- o O o -